# गांवों में 10 कांग्रेस सेवादल के स्वयं सेवक तैयार करने का आव्हान

**बिजयनगर** (नि.सं.)। अजमेर जिला देहात कांग्रेस सेवादल का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को बरल रोड स्थित नामदेव भवन में सम्पन्न हुआ।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजमेर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं डेयरी चैयरमेन रामचंद्र चौधरी ने कांग्रेस सेवादल को कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी बताया और संगठन मजबूत करने तथा आगामी चुनावों में सेवादल को अहम जिम्मेदारी देने की बात कही। अजमेर संभाग प्रभारी विजय नागोरा ने जयपुर मे जनवरी 2025 मे होने वाले महाअधिवेशन में सेवादल पदाधिकारियों को भाग लेने व काम नहीं करने वाले की छुट्टी कर नये लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पर जोर दिया। जिला प्रभारी गंगा रावत ने संगठनात्मक ढांचे बदलाव कर पदों को भरने की बात कही।

अजमेर जिला देहात कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष जय शंकर चौधरी ने विस्तार पुरक कांग्रेस सेवादल के बारे विस्तार से जानकारी दी एवं अजमेर जिला देहात कांग्रेस सेवादल संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में समस्त ग्रामों में कम से कम 10 स्वयं सेवक कांग्रेस सेवादल के तैयार कर वहां की जनता को कांग्रेस के सिद्धांतों एवं माननीय सोनिया गांधी, राहुल गांधी के विचारधारा से अवगत कराएंगे। अध्यक्ष इंटक नेता इलीयास मोहम्मद ने जोशीले भाषण से कार्यकर्ताओं में नये संचार के साथ बिजयनगर कांग्रेस सेवादल की एक जुटता व बढ़ते कदम की तारीफ कर बधाई दी। कार्यक्रम में जिला यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष विपुल सोमानी, कांग्रेस सेवादल मसूदा विधानसभा अध्यक्ष रामलाल नंगवाडा, शहर सेवादल अध्यक्ष इकबाल हुसैन व उपाध्यक्ष सुरेंद्र कावड़िया, संपतराज बाबेल, महावीर नाबेडा, पुर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह राजावत, पूर्व पार्षद गुरुभेज सिंह टुटेजा, भवानीशंकर राव, हरीश शर्मा, लादूलाल टेलर, बुधराज धानका व सद्दीक शाह, याकुब मोहम्मद, सोहिल खान, महावीर पांचाल, दिलीप सिंह, सुरेश नील, हमीद मास्टर, धर्मीचंद जोशी, फिरोज खान, श्यामलाल धोबी, पीर मोहम्मद, रामप्रसाद रेगर, सागर नायक, गफार हुसैन, सुनील नायक, इस्लाम मोहम्मद, धीसू रेगर, पीरु उस्ताद, रोहित धानका, भंवर लाल आरजिया, हबीब मो. आदिल खान, दिनेश टेबडा सहित सेवादल पदाधिकारियों ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में तथा जिले से मसुदा ब्लाक अध्यक्ष मानसिंह काठात, जितेंद्र सिंह चौधरी, मुकूल यादव, प्रितपाल सिंह, मुकेश कुमावत, परमानंद आचार्य, कानाराम कवि, सांवरलाल चौधरी, शाबूदीन, चेना काठात, सत्तार काठात, सुलेमान काठात आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन रामलाल नंगवाडा ने किया।



अजमेर जिला देहात कांग्रेस सेवादल का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बरल रोड स्थित नामदेव भवन में सम्पन्न हुआ।

■ सम्मेलन में डेयरी चैयरमेन रामचंद्र चौधरी ने कांग्रेस सेवादल को कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी बताया

## निःशुल्क शिविर में 285 नेत्र रोगियों की जांच

**मदनगंज-किशनगढ** । लॉयन्स क्लब किशनगढ क्लासिक के तत्वावधान में बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 285 रोगियों की जांच की गई। सचिव रमाकांत काबरा के अनुसार सूरज देवी पाटनी सभागार में आयोज्य शिविर में मोतिया बिंद ऑपरेशन के लिये चयनित 135 रोगियों को भोजन कराकर नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकर आई हॉस्पिटल जयपुर भेजा गया। साथ ही पिछले शिविर में नेत्र चिकित्सा करवा चुके 145 नेत्र रोगियों की पुनः नेत्र जांच कराकर चश्मा उपलब्ध कराया। संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि रोगियों के लिये जयपुर आने जाने की बस व्यवस्था, भोजन, ठहरने, नेत्र ऑपरेशन, चश्मा सहित सभी सुविधा निःशुल्क है। इसके अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर प्रियंका हॉस्पिटल जयपुर के सौजन्य से किया गया। संयोजक महेंद्र नाहर ने बताया कि इसमें हृदय रोग के प्रख्यात चिकित्सक जी एल शर्मा, पीयूष जोशी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अश्विनी बीलंदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा आशा शर्मा, मेडिसिन डा निखिल व्यास ने निशुल्क सेवाएं दी। क्लब अध्यक्ष मुकेश गोयल, सचिव रमाकांत काबरा, रोहित मेहता, नरेंद्र मेहता, पदम जैन, अजय गंगवाल, वैशाली जैन सहित स्काउट गाइड, आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज की स्काउट छात्राओं व वीरेंद्र शर्मा ने सहयोग किया।

## मोहम्मद रफ़ी को 100वें जन्म दिवस पर याद किया

**अजमेर** । इन्डिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसायटी द्वारा मोहम्मद रफ़ी के 100 वें जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर 50 गायकों ने मिले सुर मेरा तुम्हारा की 66वीं कड़ी में सदाबहार गीतों से संगीतमय स्वरांजली दी।

संस्थापक मुख्य संरक्षक डॉ लाल थदानी और संस्था महासचिव कुंज बिहारीलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि याद ञ्ए ञ्रफ़ी कार्यक्रम में एकल और युगल गीतों को पुराने और मंझे हुए सदस्यों के साथ नवोदित कलाकर भी हौसलों के साथ मंच पर उतरे और समां बांध दिया। अध्यक्ष गणेश चौधरी और सांस्कृतिक सचिव रश्मि मिश्रा ने बताया कि संस्था गत 4 सालों में महान गायको के गीत संगीत के लगातार आयोजन के अलावा समाजोपयोगी कार्यक्रम करतीं आ रहीं है। नव वर्ष 2025 के आगमन की खुशियां वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के साथ बांटी जाएगी। लता लख्यानी और अशोक दरयानी ने मंच संचालन करते हुए रफ़ी साहब की जीवनी पर भी रोचक जानकारी देकर संगीतमय कार्यक्रम को यादगार बना दिया। गीतों के दौरान तालियों की गूंज और कदमों की थाप ने सबका हौसला बनाए रखा। एकल गीतों में उपाध्यक्ष गोपेन्द्र पाल सिंह ने रंग और नूर की बारात किसे पेश करूं, लता लख्यानी ने तू इस तरह से मेरी जिन्दगी में शामिल है, ज्योति खोरवाल दर्द ए दिल, करुणा टंडन दीवाना हुआ बादल, अनिल जैन दिल की आवाज भी सुन, डॉ अभिषेक माथुर ओ दुनियॉ के रखवाले अशोक दरयानी मै जिंदगी का साथ निभाता चला गया में उम्दा प्रस्तुति दी।

# शिविर में कैंसर से बचाव के लिये जागरूक किया

**मदनगंज-किशनगढ** । जीतो लेडीज विंग के तत्वाधान में मार्बल सिटी हॉस्पिटल में आयोजित निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर में सौ से अधिक रोगियों की जांच कर परामर्श दिया गया।

महात्मा गांधी कैंसर हॉस्पिटल जयपुर में कार्यरत स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ रेणु पाटनी ने परामर्श देकर कैंसर से बचाव के लिये जागरूक किया। जीतो अध्यक्ष नीतिका महणोत, महासचिव रीना गंगवाल, चैप्टर चेयरपर्सन समकित पहाड़िया व चीफ सेक्रेटरी धर्मेंद्र सांड ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। मार्बल सिटी हॉस्पिटल निदेशक नीरज अजमेरा डॉ भूपेंद्र डॉ शिखा ठाकुर, जीतो मैन चैप्टर के सुरेंद्र सिंह महनोत, अनुज कोचेटा, राजीव गंगवाल, दीपक रारा, संजय दोषी, विनोद मेहता ने सहयोग किया। लेडीज विंग से बबीता संचेती, शम्मी कोठारी, रिशिका जैन, अर्चना बज, कनक जैन, वैशाली जैन, प्रीति मेहता, गुणमाला पाटनी, निर्मला पाटौदी, माला भंडारी, प्रियंका बोथरा, सुरभी कवाड़, ऊषा महनोत, निशा रारा, सुहानी पहाड़िया, नीतू सेठी, करुणा जैन, सीमा कसलीवाल, किरण चोपडा, शिल्पा बरडिया, संगीता जैन, अनीता जैन, रश्मि जैन, सुमन डोसी मौजूद रही।


निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर में सौ से अधिक रोगियों की जांच कर परामर्श दिया गया।

■ जीतो लेडीज विंग के तत्वाधान में मार्बल सिटी हॉस्पिटल में आयोजित हुआ शिविर

# एकता महोत्सव का आगाज

**मेड़ता सिटी** । श्री प्राणनाथ प्रणामी सेवा ट्रस्ट सेवा धाम मेड़ता के तत्वाधान मे आयोजित सार्ध त्रिशताब्दी स्थापना एकता महोत्सव का आगाज सोमवार को सुबह सवा नौ बजे से बैंडबाजो के साथ धार्मिक भजनों को धुनों के साथ भव्य शोभायात्रा से हुआ।

शोभायात्रा स्थानीय श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सेवा धाम से शुरू होकर परनामी दरवाजा, गांछा बाजार, सारदा बाजार, माणक चौक, पुराना चिकित्सालय, चारभुजा मंदिर से कथा प्रवचन स्थल मीराबाई स्मारक परिसर पर समापन हुआ। शोभायात्रा में गुजरात जामनगर के जगतगुरू आचार्य कृष्णमणि महाराज, गादीपति करनाल जगतराज महाराज, परमहंस पीठ पटना महंत सुरेश शास्त्री महराज, बुंदेलखंड महंत प्रभुदयाल महाराज, धर्मगुरु पन्ना पंडित दिनेश महाराज, जगतगुरू सूरत सूर्य नारायण दास महाराज, फूलपुर महंत ब्रह्मानंद महाराज, सेवाधाम पीठाधीश हेमंत भाई भंडारी सहित सनातनी संतगण के साथ 108 महिला पुरुष सुंदरसाथ वाणिजी को सिर पर लिए हुए मंगलगीत गाती चल रही थीं। साथ ही गुजरात महाराष्ट्र मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उतर प्रदेश,देहली, इत्यादि से आए सैकड़ों सुंदरसाथ श्रद्धालु नाचते झूमते हुए चल रहे थे।

कथा प्रवचन स्थल पर पहुंचने के बाद वाणीजी की आरती के साथ सप्त दिवसीय वाणी पाठ का आगाज हो गया साथ ही आज से सात दिवसीय कथा प्रवचन का भी आगाज हो गया है। महोत्सव से जुड़े नंदू श्री मंत्री ने बताया कि कल मंगलवार को महेश्वरी सेवा सदन में हड्डी रोग, दंत चिकित्सा तथा फिजियोथैरेपी संबंधित सभी बीमारियों का परामर्श शिविर का भी आयोजन होगा जिसमें दोपहर 12 बजे 3 बजे तक मरीजों को जांच की जाएगी जिसमें मुकुंदम हॉस्पिटल जोधपुर के हड्डी विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ जौहर,सदाशिव हॉस्पिटल मेड़ता के फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ मतिन्द्र भाटी तथा उदयपुर दंत चिकित्सालय के दंत विशेषज्ञ डॉ समर्थ शर्मा, सदाशिव हॉस्पिटल मेड़ता के डॉ कविता सांखला सेवाएं देंगे। शोभायात्रा में प्रवीण शर्मा, रोहित गुप्ता,मुकेश कुकरेजा, भरत खड़लोया, गुलशन चुग,केवल कृष्ण परनामी, श्याम करन भाई,भगवानदास वलसाड, नंदू श्री मंत्री, शिव सिंह राठौर, कैलाश अग्रवाल, सौरभ श्रीमाली, भगवती प्रसाद टेलर,बाबू भाई मंत्री,राकेश मंत्री, गणेश जांगिड़, मधुसूदन सहित सैकड़ों सुंदरसाथ श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण की मांग

**मदनगंज-किशनगढ**। श्रीनगर रोड स्थित नेशनल हाईवे से डेढ़ किलोमीटर अंदर मां ढुकली वैष्णो देवी मंदिर में आवागमन के लिये सड़क बनाने की मांग की। मंदिर महंत खिलेश्वर गिरी के सानिध्य में शिष्टमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद भागीरथ चौधरी को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया की पिछले दस वर्षों से मंदिर में आने जाने के लिये सड़क व एनिकेट बनाने की मांग की जा रही है, किंतु जिम्मेदार लोग केवल आश्वासन के जरिये टरकाने में तत्पर रहे, जिसके चलते भक्तगणो को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद चौधरी ने अधिकारियो से बात कर शीघ्र ही सड़क निर्माण के लिये आश्वस्त किया। शिष्टमंडल में टिकवाड़ा सरपंच सुभाष लखारा, मां भारती रक्षा मंच से लक्ष्मीनारायण सोनगरा टिकावडा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# चेक अनादरण आरोपी को एक साल की जेल

**ब्यावर** (निसं) न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1 ब्यावर पूजा सिंह ने चेक अनादरण के आरोपी पाटिया भीम निवासी प्रेमाराम आर्य सुपुत्र दल्ला राम आर्य को चेक अनादरण के मामले में दोष सिद्ध कर 12 माह की जेल व दो लाख इकतीस हजार रुपए जुर्माने से दंडित करने के आदेश प्रदान किये है।

पारिवादी ओसवाल फाइनेंस के मालिक राजेश हिंगड निवासी महावीर बाजार ब्यावर ने एडवोकेट प्रवीण जैन के मार्फत न्यायालय में परिवाद पेश कर आरोप लगाया कि प्रार्थी से उक्त अभियुक्त ने एक लाख पचास हजार रुपए उधार लिए थे। उसकी बकाया राशि अदा नहीं की एवं तकाजा करने पर डेढ़ लाख रुपए का चेक दिया जो की प्रेमाराम आर्य के खाते में राशि न होने के कारण से अनादरित हो गया। जिस पर परिवादी के अधिवक्ता प्रवीण जैन ने न्यायालय में परिवाद पेश कर न्यायालय में तर्क दिया कि अभियुक्त प्रेमाराम आर्य ने उधार ली गई बकाया राशि जानबूझकर न लौटाई और जानबूझकर खाते में राशि न रखकर बदनीयती वश चेक का भुगतान नहीं किया।पारिवादी अधिवक्ता ने तर्क दिया कि वर्तमान में चेक के भुगतान समय पर नहीं होने के कारण से वाद की बहुल्यता भी बढी है । इस पर विद्वान न्यायाधीश ने अधिवक्ता प्रवीण जैन के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त प्रेमाराम आर्य को धारा 138 प्रक्राम्य विलेख अधिनियम के तहत दोष सिद्ध करते हुए 12 माह की सजा व राशि 2,31,000/ रुपए के अर्थदंड से दंडित कर सजा वारंट बनाए जाने का आदेश प्रदान किया है।

# 'कीर्तन वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल'

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भाजपा की भजन लाल सरकार को एक वर्ष पूरा हो गया है, राज्य कि भाजपा सरकार जहां अपने एक वर्ष की उपलब्धियां से उत्साह मना रही है वहीं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस नेता भाजपा की नाकामी एवं विफलता को मुद्दा बनाकर जनता में अपनी बात रख रहे हैं, इसी रणनीति के तहत सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला प्रभारी एवं विधायक विकास चौधरी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार विधायकों द्वारा चुनी हुई सरकार नहीं है बल्कि यह एक पर्ची वाली सरकार है जो केंद्रीय नेताओं के इशारे पर काम कर रही है, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता को धर्म के आधार पर गुमराह करने वाली पार्टी है और राजस्थान में इसके पास भजन, भोजन और कीर्तन करने के अलावा कोई कार्य नहीं है ।

विधायक चौधरी ने कहा कि राजस्थान की भजन लाल सरकार का एक वर्षीय मूल्यांकन किया जाए तो यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, उन्होंने बताया कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी, भजन सरकार ने उनकी कई योजनाओं को बंद कर दिया है वहीं कुछ योजनाओं का नाम बदलकर वाह वाही लेने का प्रयास किया है । चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आई है और अब जनता से वादा खिलाफी कर रही है उन्होंने बताया कि भजन सरकार ने राजस्थान में किसान सम्मान निधि की राशि12000 सालाना अभी तक नहीं की है तथा सरकार द्वारा एमएसपी पर किसानों की बाजरे की फसल भी नहीं खरीदी है।

उन्होंने बताया कि गेहूं की एमएसपी के ऊपर बोनस देकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद की घोषणा भी जुमला साबित हुई है तथा किसानों की नीलाम हुई जमीन का उचित मुआवजा देने के लिए अभी तक मुआवजा नीति नहीं बनाई गई है और किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद भी नहीं मिल रहा है वही उर्वरक की भी कालाबाजारी की जा रही है, चौधरी ने किसानों की समस्या उठाते हुए कहा कि 20000 करोड़ के एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन और पश्चिमी राजस्थान की अनार बेल्ट में प्रोसेसिंग क्लस्टर भी अभी तक स्थापित नहीं किया गया है, चौधरी ने प्रदेश के युवाओं की समस्या उठाते हुए बताया कि भाजपा ने प्रदेश में युवाओं को एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था मगर अभी तक भजन सरकार यह वादा भी पूरा नहीं कर पाई है तथा 11 महीने से युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है, भजन सरकार ने संविदा भर्ती निकालकर युवाओं के साथ खिलवाड़ ही नहीं किया है बल्कि सफाई कर्मियों की भरती को रद्द कर रोजगार के अवसर भी छीन लिए हैं ।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाडा।** मांडल माहेश्वरी सेवा समिति भीलवाड़ा का स्नेह मिलन अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बिडला व सचिव राजकुमार मून्दडा के नेतृत्व मे काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। जिसमे सभी सदस्यों ने सपरिवार सहित भाग लिया। इससे पुर्व समिति द्वारा सेवा कार्य के प्रकल्पों के तहत आज ही कायन हाउस भीलवाड़ा में एक पिकअप गाड़ी हरे चारे का वितरण किया गया है। साथ ही स्नेहमिलन के दौरान समिति द्वारा सेवा कार्य के तहत 4 से 6 बजे निःशुल्क बीपी, शुगर व जांच शिविर भी आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बिडला ने बताया कि बी लाल लेब के द्वारा बी पी शुगर की जाँच में क़रीब 85 सदस्यों की जाँच की गई थी। सायंकाल पर परिवार सहित सभी का स्नेहमिलन व स्नेह भोज का कार्यक्रम आनंद पूर्वक सम्पन्न हुआ। सेवा समिति के संरक्षक नारायण लढ़ा व सत्यनारायण चौधरी के व अध्यक्ष सुरेश बिडला के सानिध्य मे भीलवाड़ा ज़िला माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों व नगर क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष व सचिव का भी आतिथ्य मिला। आयोजन मे समिति के राजेंद्र प्रसाद बिडला, रमेशचन्द्र काबरा, रोशन लाल तोतला, सुशील कुमार बिडला, कृष्णगोपाल पटवारी, श्याम सुंदर बिडला, कमलेश जाजू, अतुल बिडला, रमेश बिडला, सुशील बिडला, सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा। सभी पधारे अतिथियों ने माडंल माहेश्वरी सेवा समिति भीलवाड़ा के किए जा रहे कार्य का भूरपुर प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएँ दी।

# क्रॉनिक हाइपोटेंशन के निदान, उपचार पर चर्चा की



अजमेर में आयोजित 'क्रॉनिक हाइपोटेंशन' सम्मेलन को डॉ. अनिल सामरिया ने सम्बोधित किया।

**अजमेर** (कासं)। डॉ. अनिल सामरिया, प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर, जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज, अजमेर, एवं डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, आरयूएचएस, जयपुर, ने राजस्थान इचम्चोन 24 में 'क्रॉनिक हाइपोटेंशन' पर व्याख्यान दिया। यह सम्मेलन नाथद्वारा में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सामरिया ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन के रूप में उपस्थित रहे। इस सम्मेलन का आयोजन जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया था, और डॉ. संजीव माहेश्वरी इसके ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी थे।डॉ. सामरिया ने अपने व्याख्यान में क्रॉनिक हाइपोटेंशन के निदान, उपचार और प्रबंधन के नवीनतम दृष्टिकोणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस स्थिति के लक्षण, संभावित जटिलताओं और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से उपचार के तरीकों पर प्रकाश डाला।राजस्थान इचम्चोन 24 एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सम्मेलन रहा, जिसमें देशभर के विशेषज्ञों ने भाग लिया और अपने अनुभव व शोध कार्य साझा किए। डॉ. सामरिया के व्याख्यान ने चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान और ज्ञान के प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया।इस सम्मेलन का आयोजन जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया था और डॉ. संजीव माहेश्वरी इसके ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी थे।

## सार-समाचार

### विचारित सूची जारी

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-सुपर स्पेशलिटी (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता जांच हेतु प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, रेनल ट्रांसप्लांटेशन (यूरोलॉजी ) के पदों की विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 25 अगस्त 2022 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा के फलस्वरूप प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के पदों हेतु 6 एवं रेनल ट्रांसप्लांटेशन (यूरोलॉजी ) के पदों हेतु 18 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात जारी की जायेगी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर (2 प्रतियों में) तथा समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति सहित 8 जनवरी 2025 की सांय 6 बजे तक आयोग कार्यालय में भिजवा देवें। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी तथा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया जाएगा।

### शिविर में स्वास्थ्य की जांच की

**भीलवाड़ा** । जिला यूनेस्को एसोसिएशन व डॉ. बी.लाल लैब के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन नगर निगम परिसर में आयोजित किया गया। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढा ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का शुभारंभ नगर निगम के महापौर राकेश पाठक, स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका ने स्वयं जांच करा कर शिविर का शुभारंभ कराया। शिविर में 200 से भी अधिक लोगों की बीपी, शुगर, वजन सहित अन्य जांचे कर लोगों को परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। निःशुल्क जांच शिविर को लेकर लोगों में उत्साह का महौल बना रहा। वहीं जांच शिविर में डॉ. बी. लाल लैब के महेश शर्मा, कुलदीप तिवारी, राकेश तिवारी ने अपनी सेवायें दी। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल, संगठन सचिव कमलेश जाजू, उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सुराणा, सह कोषाध्यक्ष हरनारायण माली, निदेशक विजय कोठारी व शंकर लाल गोयल, अपना संस्थान के प्रदेश सचिव विनोद मेलाना, साधना मेलाना, संजय औदिच्य, अरूणा पोखरणा, अनिल कोठारी, विजय पोखरणा सहित यूनेस्को के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### स्व. शंभूदादा को पुष्पांजलि

**भीलवाड़ा** । भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मजदूर मसीहा स्व. शंभू सिंह खमेसरा (दादा) की पुण्यतिथि पर भारतीय मजदूर संघ कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि स्व. शंभू सिंह खमेसरा (दादा) जिनका जन्म 05.09.1925 को उदयपुर में हुआ, दादा 19 साल की उम्र में नौकरी पर लगे, सन् 1954 में दादा ने पी.डब्ल्यू.डी. सिंचाई विभाग में संघ समर्थित यूनियन बनाई। 1955 में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के बाद यूनियन को भामस से सम्बद्धता ली। मेवाड़ संभाग में दादा ने लाखों श्रमिकों को भामस से जोड़ा, सिंचाई, पी.डब्ल्यू.डी., जलदाय, वन, आंगनवाड़ी, विद्युत, वस्त्र उद्योग जैसे अनेकों उद्योगों में भामस का परचम लहराया। पुष्पांजलि के कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता प्रभाष चौधरी, जुम्मा काठात, राजेश जीनगर, रामेश्वर डीडवानिया, कन्हैयालाल माली, राधाकिशन वैष्णव, पद्मा शर्मा, रंजना चौधरी, मंजू, सरोज, रेखा साधु, शंकर नायक, फिरोज सहित अन्य श्रमिक उपस्थित रहे।

### साक्षात्कार कार्यक्रम 8 से

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय के पदों हेतु द्वितीय चरण के साक्षात्कार का आयोजन 8 से 16 जनवरी 2025 तथा राजनीति विज्ञान के पदों के लिए प्रथम चरण के साक्षात्कार का आयोजन 8 से 17 जनवरी 2025 तक किया जाएगा । आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

### स्टूडेंट्स का कैंपस प्लसमेन्ट

**अजमेर** (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन विभाग में एम.बी.ए. पार्ट - सैकेण्ड व सेमेस्टर -थर्ड के विद्यार्थियों के लिए आईसीआईसीआई बैंक की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव रखी गई ओर विभाग में ही आयोजित करवाया गया और प्रो. शिव प्रसाद अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष के निर्देशन में इस कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। आईसीआईसीआई बैंक की ओर से मैनेजर (एचआर) व बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर द्वारा तीन राउंड आयोजित किए गए। इंटरव्यू शुरू होने से पहले विद्यार्थियों को विचार-विमर्श का समय दिया गया। कुल 54 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से 20 का चयन द्वितीय राउंड के लिए हुआ अंतिम रूप से 5 विद्यार्थियों का चयन हुआ।

### श्री सीमेंट के मुख्य द्वार पर धरना जारी

**ब्यावर** (निसं)। श्री सीमेंट में लगातार चौथे दिन भी धरना और प्रदर्शन जारी रहा है।सोमवार को कारखाना बचाओ संघर्ष समिति ने प्रेस वार्ताआयोजित की जिसमे शंकर सिंह लगेत ने बताया कि लगातार चार दिन से श्री सीमेंट के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्वक धरना जारी है लेकिन प्रबंधन की तरफ से अभी तक कोई भी वार्ता के प्रयास नहीं किय गए और न ही बुलाया गया। इस अनदेखी के कारण मजदूरों में भारी आक्रोश बढ़ता जा रहा है।संघर्ष समिति की मांग है कि जिन 43 लोगों का स्थानांतरण किया गया है उसे तुरंत प्रभाव से रोका जाए।अन्य जिन लोगों को डरा धमका कर ज़बरन हस्ताक्षर करवा कर सेवा निवृत करवा लिया गया है उनको भी पुनः नौकरी पर रखा जाए।

### अजमेर संभाग को गोल्ड मैडल

**ब्यावर** (निसं)। 11वीं अंतर संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन समारोह में अजमेर से ब्यावर जिले की बैडमिंटन खिलाड़ी शबाना ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अजमेर संभाग को पहली बार गोल्ड पदक दिलाया।गौरतलब है की यह प्रतियोगिता 20 दिसंबर से 23 दिसंबर तक अजमेर में आयोजित हुई। शबाना ने एक औपचारिक मुलाक़ात में बातचीत के दौरान बताया की अपने स्वयं के प्रति दिन 3 घंटे के परिश्रम और अथक प्रयास और अभ्यास से यह मुकाम हासिल किया है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जोहर खेड़ा की शारीरिक शिक्षिका शबाना ने बैडमिंटन में ब्यावर जिले का मान बढ़ाया।

### आवेदन की तिथि बढ़ी

**अजमेर** । महर्षि दयानन्द सरस्वती यूनिवर्सिटी की ओर से यूजी-पीजी वर्ष 2025 की मुख्य परीक्षाओं के लिए बिना लेट फीस आवेदन की डेट बढ़ा दी है। अब 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक सुनील टेलर ने बताया सामान्य शुल्क के साथ पूर्व में डेट 23 दिसंबर थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 दिसम्बर कर दी गई है। वहीं 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ एक से सात जनवरी तक तिथि तय की गई है। 8 से 13 जनवरी तक परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जा सकेंगे।

### डॉ. मंजू राठी प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**मदनगंज-किशनगढ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में डॉ मंजू राठी को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इन्होने हनुमानगढ़ में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के शपथ ठाहण समारोह में वाइस प्रेसिडेंट के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। इससे पहले डॉ मंजू राठी इसी पद पर दायित्व संभाल चुकी है।

# दुकान से हुई 10 लाख की चोरी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

- पुराने नौकर ने साथी के साथ मिलकर चोरी की थी, 2.9 लाख रुपए बरामद
- पुलिस ने अपना भेष बदलकर भी इस चोरी के खुलासे के लिए जानकारी जुटाई


पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर के कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के चूड़ी बाजार स्थित श्रीगणेश मार्केट की न्यू फैशन दुकान से पिछले दिनों हुई दस लाख रुपए की चोरी की वारदात का अजमेर पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

पुलिस उप अधीक्षक रुद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी चोर दुकान का ही पुराना नौकर मुकेश सिंह निकला, जिसके कब्जे से पुलिस ने 2 लाख 9 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी के एक अन्य साथी भिनाय निवासी हनुमान को भी पकड़ा है, उससे भी पूछताछ की है। पुलिस इस गैंग के अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने स्पेशल टीम का गठन किया था। टीम ने 150 सीसीटीवी कैमरे जांचे तथा अन्य स्रोतों से सूचनाओं को जुटाया। पुलिस ने अपना भेष बदलकर भी इस चोरी के खुलासे के लिए जानकारी जुटाने के प्रयास किए और कामयाबी प्राप्त की। पुलिस को सूचना मिली कि दुकान में पुराना नौकर नागफनी लक्ष्मी मोहल्ला निवासी मुकेश सिंह पुत्र लाल सिंह को हेराफेरी के आरोप में हटाया गया था। संदेह उसी पर व्यक्त किया जा रहा था। पुलिस ने तमाम सूचनाओं को जुटाते हुए मुकेश तक पकड़ बना ली और उसे वारदात में चोरी की गई रकम सहित पकड़ लिया। हालांकि पुलिस को अभी पूरी रकम हाथ नहीं आई है पर चोरी गई रकम में से 2 लाख 9 हजार रुपए पुलिस को बरामद हो गए हैं। पुलिस ने उसकी सूचना पर उसके साथी हनुमान को भी पकड़ लिया है। दोनों को पुलिस ने अदालत के समक्ष पेश किया है।

## ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा।** कोडलाई तहसील बनेड़ा जिला शाहपुरा के जमना पुत्र रामा बैरवा की भूमि मौके पर्चे के अनुसार कब्जा हटाया जाकर दबंगों को बेदखल करते हुए कब्जा सुपुर्द कराने, दबंगों तथा मिलीभगत कर अवैध प्रतिफल प्राप्त करने वाले पटवारी, गिरदावर तहसीलदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराते हुए निष्पक्ष न्याय दिलाने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रार्थी जमना बैरवा ने बताया कि प्रार्थी की संयुक्त आराजियात ग्राम कोडलाई पटवार हल्का सालरिया कलां, भू0अ0नि0क्षेत्र सरदारनगर तह0 बनेडा जिला शाहपुरा में स्थित है जिसके खसरा सं0 546 किता एक होकर 1.2267 है0 है। उक्त आराजियात को प्रार्थीगण ने भू रूपान्तरित कराने के लिए श्रीमान तहसीलदार साहब बनेडा को उक्त कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ रूपान्तरण कराने का सक्षम आदेश नियमानुसार प्रदान कराया। जिस पर उक्त भूमि रूपानतरण प्रस्तावित नक्शे एवं नाप परिनाप 4000 वर्गमीटर कनवर्ट कराई गई। पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार ने मिलीभगत कर दबंगो से अवैध प्रतिफल प्राप्त कर अपने पद का दुरूपयोग कर जानबुझकर प्रार्थी के साथ धौखाधडी कारित कर भूमि रूपान्तरण प्रस्तावित नक्शे एवं नाप परिनाप 4000 वर्गमीटर से कम कर दिया।

## 'भाजपा सरकार में जनता बेबस बदहाल'

**भीलवाड़ा ।** जिला कांग्रेस कार्यालय में अपराह्न 2:15 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर प्रभारी भीलवाड़ा विकास चौधरी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया । सर्वप्रथम विधायक चौधरी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा विधायक चौधरी का स्वागत सम्मान किया गया प्रेस वार्ता में चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी का 1 साल जनता बेबस और बदहाल, विकास कार्यों का अभाव और सरकार की विफलताओं से यह साफ है कि भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खडा उतरने में पूरी तरह फैल रही है।

# जीवनशैली में सुख व आनंद संभव : दामोदर अग्रवाल

**भीलवाड़ा।** देश में आज जो भयावह स्थितियां बढ़ते तापमान, पेस्टीसाइड्स, यूरिया की वजह से उत्पन्न हो रही है वह कैंसर जैसे असाध्य रोगों के घर घर पहुंचने का कारण भी बन रही है। इस प्रकार की रासायनिक खेती स्वास्थ्य से खिलवाड़ का कारण बन रही है। आज आमजन को बाजार से सब्जी या फल खरीदते समय भी डर लगने लगा है कि यह प्राकृतिक है या केमिकल से पकाए हुए। ऐसी परिस्थितियों में प्राकृतिक या जैविक खेती ही एक मात्र उपाय है जिससे आने वाले समय में आम जन के स्वास्थ्य और जीवन शैली को आनंद और सुख प्राप्त हो सकेगा। यह बात सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपना संस्थान, सरोज देवी फाउंडेशन एवं फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक (जैविक) खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं चारागाह विकास के प्रति जन जागृति के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रकृति से जुड़कर प्राकृतिक जीवन जीने में विश्वास रखते हैं और भीलवाड़ा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजक संस्थाओं द्वारा जिस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं, उन्हें निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के संज्ञान में लाने का प्रयास रहेगा।

अपना संस्थान के अंकुर बोरदिया ने बताया कि समारोह में विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि गोवंश से जुड़कर जैविक खेती एक महत्वपूर्ण विषय है। इस प्रकार की खेती के लिए आवश्यक सामग्री गोवंश से उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की भी मंशा है कि जैविक खेती को बढ़ावा मिले और रसायनों का उपयोग कम हो। इसलिए सरकार भी जैविक खेती को प्रमोट कर रही है। जनजागरुकता के लिए इस प्रकार की कार्यशाला जरूरी है, पर इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि किसान भाई इसे प्रेक्टिकल में उतारे। जैविक खेती से प्राप्त उत्पादों का मार्केट बहुत बड़ा होने वाला है। शहर विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि शुद्ध आहार शुद्ध जीवन का निर्माण करता है और शुद्ध आहार की प्राप्ति प्राकृतिक या जैविक खेती से ही संभव है। भारतीय संस्कृति भी सभी जीवों की रक्षा करने वाली है ना कि उन्हें नष्ट करने वाली। इसके लिए हम सभी को जैविक कृषि की ओर बढ़ना होगा। हमें गौमाता से जुड़कर चारागाह विकास पर भी काम करना होगा। जमीन में जल स्तर को बढ़ाने में यह उपयोगी साबित होता है। समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मानव जीवन विभिन्न बीमारियों के कारण खतरे में है, गौमाता भी वेदना झेल रही है। इन सभी की एक ही झड़ है गौ आधारित प्राकृतिक खेती का अभाव। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से ही समृद्धि संभव है। आज हम सभी मिलकर प्रतिज्ञा लें कि पूरे देश मे गोवंश से जुड़कर जैविक क्रांति लाएंगे। हमें एक ऐसा बीज बोना होगा कि जीने का आनंद आए और दुनिया हमे आशीर्वाद देवे। श्री रामशांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कोटा के निदेशक ताराचंद गोयल ने प्राकृतिक खेती, गोबर से खाद बनाने सहित प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, जंगल, चारागाह आदि के संरक्षण और विकास को लेकर विचार व्यक्त किए। शुभारंभ समारोह के पश्चात संगोष्ठी के मुख्य वक्ता जैविक कृषि अनुसंधान केंद्र कोटा के मुख्य वैज्ञानिक पवन टांक ने तीन सत्रों में प्राकृतिक खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। समारोह का संचालन अपना संस्थान के प्रांत महासचिव विनोद मेलाना एवं महेश नवहाल ने किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ एवं ग्राम विकास गतिविधि का भी विशेष सहयोग रहा। समारोह में एफ.ई.एस से शांतनु कुमार, सरोज देवी फाउंडेशन से सौरभ छाबड़ा, प्रियंका छाबड़ा, अपना संस्थान उपाध्यक्ष शंकरलाल माली, सहसचिव रामप्रकाश काबरा सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शैक्षिक कार्यकर्ताओं सहित राजस्थान और मध्यप्रदेश के लगभग 50 क्षेत्रों से आए 600 से अधिक कृषक वर्ग से जुड़े प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में युवती की मौत

**उदयपुर,(कासं)।** मामा के लडके के साथ खाना खाने जा रही एक युवती की दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पारूल (23) पुत्री गोपाललाल धाकड निवासी बिजोलिया खुर्द भीलवाडा जो अपने मामा के लडके रोहित के साथ सेक्टर 3 आजाद नगर में रहती थी और पढाई कर रही थी। यह युवती रोहित के साथ रविवार रात्रि को प्रतापनगर में खाना खाने गई थी, जहां पर एक ट्रेलर ने इसे टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसने उपचार के दौरान दम तोड दिया।

# पारदर्शिता, जवाबदेही व संवेदनशीलता सुशासन के तीन मुख्य स्तंभ : मेहता

**भीलवाड़ा ।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता सुशासन के तीन मुख्य स्तंभ हैं जो इसकी सफलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये तीनों तत्व एक दूसरे के पूरक हैं और मिलकर सुशासन की नींव को मजबूत बनाते हैं। जिला कलक्टर ने सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान यह बात कही।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस निर्मल कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत आरएएस शोभालाल मूंदड़ा ने भी जिला स्तरीय कार्यशाला में सुशासन को लेकर अपने विचार रखें। कार्यशाला में 2047 के लिए जिले के विजन डॉक्युमेंट पर चर्चा की गई। जिसके अंतर्गत शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों ने 2047 के लिए जिले का विजन डॉक्युमेंट पीपीटी के माध्यम से पेश किया। जिला कलक्टर मेहता ने कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करती है कि सभी कार्यों में खुलापन और स्पष्टता हो, जवाबदेही यह सुनिश्चित करती है कि अधिकारी अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार हों, और संवेदनशीलता यह सुनिश्चित करती है आप लोगों की समस्याओं और जरूरतों के प्रति संवेदनशील होने चाहिए। जब कोई व्यक्ति आपके पास आता है, तो आपको उसकी बात सुननी चाहिए, उसकी समस्या को समझना चाहिए और उसका समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस निर्मल कुमार जैन ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर हमें दूसरों की समस्याओं को सुनने और समझने की कोशिश करनी चाहिए।

# रेल कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया


मांगों को लेकर अजमेर में रेल कर्मियों ने प्रदर्शन किया।

- कैंपिंग कोच की सुविधा को बन्द करने का विरोध

**अजमेर, (कासं)।** रेलवे ट्रैक का मशीनों से रखरखाव करने वाले टीएमसी संगठन के रेल कर्मचारियों ने कैंपिंग कोच की सुविधा को बन्द करने के विरोध में दौराई (अजमेर) स्थित डिपो में विरोध प्रदर्शन किया।

यूनियन के मण्डल सचिव मोहन चेलानी ने बताया कि ट्रैक मेंटेनेंस मशीनों से रेल कर्मचारी रेलवे लाइन के रखरखाव के लिए पूरे जोन में कार्य करते हैं और महीने में एक बार अपने मुख्यालय घर लौटते हैं, इस दौरान में छोटे-छोटे स्टेशनों पर कैंपिंग कोच रेल के डिब्बे में निवास करते हैं। गत दिनों एक दुर्घटना के बाद प्रशासन ने कैंपिंग कोच की सुविधा को बंद करने के आदेश दिए हैं और कार्य के दौरान कर्मचारियों को ठहराने और छोटे स्टेशनों पर उनके खान-पान की कोई व्यवस्था नहीं की है। इसके विरोध में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन की इंजीनियरिंग शाखा के तत्वाधान में ट्रैक मशीन डिपो दौराई में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को इंजीनियरिंग शाखा के सचिव बलदेव सिंह, शाखा अध्यक्ष महेश चौधरी, गजानंद शर्मा, संदीप जोशी ने कर्मचारियों को संबोधित किया और बताया कि प्रशासन द्वारा जब तक कर्मचारियों के ठहराने और किचन की व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

इस दौरान बलदेवसिंह, महेश चौधरी, गजानंद शर्मा, संदीप जोशी, कृष्णसिंह धामस्या, विजय यादव, विवेक तिवारी, कुलदीप शर्मा, नाहर सिंह गुर्जर, कमलेश मीणा, दीपक भारद्वाज, राजाराम सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।


**NAME CHANGE**

My and my daughter real and correct name from HARI RAM PRAJAPAT and daughter ANSHU. School's records my name HARI RAM PRAjAPATI and daughter name ANSHU PRAJAPATI IS WRONG. my and my daughter real and correct name in my daughter School's records. Vill-Loharwara. Nasirsbad

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमति स्वाती यादव पत्नी अरुण कुमार यादव ग्राम हातीखेड़ा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 1558 प्लाट नंबर 03में क्षेत्रफल 165.95 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सुचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कारवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्वर्गीय खीम सिंह पुत्र श्री देवी सिंह निवासी ग्राम रोहिड़ाखेड़ा, वार्ड संख्या 06 पोस्ट कोटड़ा, ब्यावर का निधन 4 अप्रेल 1990 को हमारे पैतृक गाँव निवास स्थान वार्ड संख्या 06 रोहिड़ाखेड़ा में हो गया था। जिनका मृत्यू प्रमाण पत्र बावत इंद्राज/पंजीकरण अभी तक नहीं करवाया गया था। अतः अब मैंने मेरे पति स्वर्गीय खीम सिंह पुत्र श्री देवी सिंह के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय ब्यावर में आवेदन किया है। अतः इस बावत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर मय आवश्यक दस्तावेज़ के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के बाद हुई किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार अथवा मान्य नहीं होगी। द्वाराः चुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय खीम सिंह, निवासी- ग्राम रोहिड़ाखेड़ा, वार्ड संख्या 06 पोस्ट कोटड़ा, ब्यावर। मोबाईल- 8000038723

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी स्वर्गीय धापूदेवी पत्नी हीरा सिंह निवासी कालिंजर, राजियावास, ब्यावर का निधन 4 अगस्त 2014 को हमारे पैतृक गाँव निवास स्थान कालिंजर में हो गया था। जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बावत इंद्राज/पंजीकरण अभी तक नहीं करवाया गया था। अतः अब मैंने अपनी माताजी स्वर्गीय धापू देवी पत्नी हीरा सिंह के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय ब्यावर में आवेदन किया है। अतः इस बावत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर मय आवश्यक दस्तावेज़ के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के बाद हुई किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार अथवा मान्य नहीं होगी।

द्वारा- मंगल सिंह रावत पुत्र हीरा सिंह रावत
निवासी, कालिंजर, राजियावास, ब्यावर।
मो. 7976147136

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री यश डाणी पुत्र स्व. श्री चन्द्रप्रकाश डा जाति महाजन निवासी डाणी भवन अग्रसे न नगर अजमेर की ग्राम कायड के भूखंड स. 23-B वर्किंग खसरा नम्बर 3036 मे क्षेत्रफल 126.74 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड खातेदार श्री जे. सी. गर्ग सुपुत्र श्री प्रहलाद गर्ग से जरिये मुख्तयार आम श्री आशीष ऐरन पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद ऐरन से श्रीमती ओम कँवर पत्नी श्री भवानी सिंह ने जरिये पंजीबद्ध विक्रयपत्र द्वारा ख़रीदा इससे जरिये पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 12.12.2023 को आवेदक को प्राप्त हुआ । उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी ।

(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बाबूलाल पुत्र हजारी ग्राम नोसर, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 482, 403 प्लाट नंबर A-4 में क्षेत्रफल 200 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कारवाही कर दी जायेगी। (उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्री उमेश रामचंदानी पुत्र नरेश रामचंदानी ग्राम चौरसियावास, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 1498, 1318 प्लाट नंबर-8 में क्षेत्रफल 112 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कारवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्री अन्नू देवी पत्नी योगेश कुमार शर्मा ग्राम लोहागल, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 1426, 1303 प्लाट नंबर 15 में क्षेत्रफल 183.66 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कारवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय/ व्यावसायिक भूखण्ड संख्या बी-424 क्षेत्रफल 116.25 मीटर के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती राधा नाथानी पत्नि श्री मूलचंद नाथानी निवासी विकासपुरी, किश्चनगंज, अजमेर की मृत्यु दिनांक 04/09/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनाम (अपंजीकृत दिनांक 31/07/2020) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री कमल कुमार पुत्र श्री मूलचंद नाथानी निवासी विकासपुरी किश्चनगंज, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री यश डाणी पुत्र स्व. श्री चन्द्रप्रकाश डाणी जाति महाजन निवासी डाणी भवन अग्रसेन नगर अजमेर की ग्राम कायड के भूखंड स. 23 A वर्किंग खसरा नम्बर 3036 मे क्षेत्रफल 183.26 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड खातेदार श्री जे. सी. गर्ग सुपुत्र श्री प्रहलाद गर्ग से जरिये मुख्तयार आम श्री आशीष ऐरन पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद ऐरन से श्रीमती ओम कँवर पत्नी श्री भवानी सिंह ने जरिये पंजीबद्ध विक्रयपत्र द्वारा ख़रीदा इससे जरिये पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 12.12.2023 को आवेदक को प्राप्त हुआ । उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल शस्त्रा विभाग, तृतीय तल, एलआईसी भवन, सब सिटी सेन्टर रेती स्टैंड, उदयपुर, राजस्थान, ई-मेलः cs8328@pnb.co.in

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]**
**सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि

अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री बलराम मीणा** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी **स्व. श्री नाना राम कुम्हार पुत्र श्री रामस्वरूप कुम्हार (मृतक के बाद से) एवं जमानतदार श्रीमती मीरा देवी कुम्हार पत्नी स्व. श्री नाना राम कुम्हार** पर मांग सूचना **दिनांक 23.09.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 31.08.2024 को बकाया राशि रू. 7,58,600.00 (रूपये सात लाख अठावन हजार छह सौ मात्र) प्लस दिनांक 01.09.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 20, माह दिसम्बर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 30.11.2024 को बकाया राशि रू. 7,76,131.00 (रूपये सात लाख छिहत्तर हजार एक सौ इकतीस मात्र) प्लस दिनांक 01.12.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- भीलवाड़ा पुर रोड (466700)** के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

स्व. श्री नाना राम कुम्हार पुत्र श्री रामस्वरूप कुम्हार के नाम आवासीय सम्पत्ति मकान जो प्लॉट नं. ए-753/1, आराजी नं. 1102, राजस्व ग्राम भीलवाड़ा, तिलक नगर योजना, तहसील एवं जिला भीलवाड़ा पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 69.44 वर्ग गज है। **सीमाएं-** पूर्वः प्लॉट नं. ए-754, पश्चिमः प्लॉट नं. ए-752, उत्तरः प्लॉट नं. ए-753, दक्षिणः रोड 20' चौड़ी

हस्ता.
स्थान: भीलवाड़ा — प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक
दिनांक: 20.12.2024 — पंजाब नैशनल बैंक

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

अविप्रा — टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/राजकाज 12576295 — दिनांक :- 20/12/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 31/2024-25**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से आदर्श नगर, एलसी-3, अजमेर पर आरओबी (ROB) निर्माण (कन्सलटेन्सी कार्य) की अनुमानित लागत राशि 40.00 लाख की ई-निविदा दिनांक 02.01.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http:://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http:://sppp.raj.nic.in) http:://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है। UBN No. :- AJD2425SLOB00190

राज.संवाद/सी/24/9400 — अधिशाषी अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की घूघरा कैलाश नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 12 (आराजी नं 850, 851) क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज आवंटी श्री हिम्मत सिंह गौड पुत्र श्री मेघ सिंह गौड निवासी मकान नं. 1 पलटन बजार, अजमेर की मृत्यु दिनांक 29/09/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री डॉ. महेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह, श्रीमती उषा कंवर, विक्रम सिंह, रघुराज सिंह, श्रीमती कामनि कंवर व श्रीमती मिनी कंवर पुत्र/पुत्री स्व. श्री हिम्मत सिंह द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री विक्रम सिंह निवासी अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 01/08/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**आम सूचना**

मैं, मेरी अभिभाष्या श्रीमति रामप्यारी पत्नी स्व. मदनलाल निवासिनी बिहारी पोल नया शहर किशनगढ़ के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरी अभिभाष्या व उसके पुत्रों ने मिलकर दिनांक 5 जुलाई 2013 को एक पारावारिक समझौता निष्पादित किया था, किंतु मेरी अभिभाष्या के पुत्र रामकिशोर उर्फ छोटूराम ने उसकी शर्तो के विपरीत कार्य किया। अतः दिनांक 5 जुलाई 2013 के पारावारिक समझौते को मेरी अभिभाष्या व उसके अन्य पुत्रों की सहमति से रद्द कर दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को नया पारावारिक समझौता निष्पादित कर दिया है, जो भविष्य में प्रभावी रहेगा। मेरी अभिभाष्या के द्वारा निष्पादित पारावारिक समझौता दिनांक 16 दिसम्बर 2024 के एवं पारावारिक समझौता दिनांक 5 जुलाई 2013 को रद्द किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति संस्थान को किसी तरह का एतराज आपत्ति हो तो उक्त एतराज आपत्ति 7 के भीतर में मुझ अधोहस्ताक्षरकर्ता के यहां लिखित में देवे। 7 दिवस में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने पर पारावारिक समझौता दिनांक 5 जुलाई 2013 को पूर्णतया रद्द एवं पारावारिक समझौता दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को अंतिम व प्रभावी माना जायेगा। उक्त के पश्चात कोई आपत्ति व एतराज मान्य नहीं होगा।

एडवोकेट- तनवीर अहमद सोलंकी, माजवी मोहल्ला खिड़की चौक, किशनगढ़ जिला अजमेर ☎8386969011

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांक: 1354 — दिनांक: 23-12-2024

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 3-ग-4, आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 324.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री ओमप्रकाश पाठक पुत्र श्री दुर्गादत को आवंटित कर दिनांक 28.11.1985 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री ओमप्रकाश पाठक पुत्र श्री दुर्गादत्त द्वारा दिनांक 26.05.1985 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री ओमप्रकाश पाठक पुत्र श्री दुर्गादत्त आवास का बैचान श्रीमती पदमावती पत्नि श्री विष्णु कुमार को कर दिया गया। श्रीमती पदमावती पत्नि श्री विष्णु कुमार द्वारा आवास का बैचा न श्रीमती कान्ता पनि श्री गुरूमुखदास बत्रा एवं श्री गुरूमुखदास बत्रा पुत्र श्री रामचन्द को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 26.06.2012 को श्रीमती कान्ता एवं श्री गुरूमुखदास बत्रा के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्रीमती कान्ता एंव श्री गुरूमुखदास बत्रा द्वारा उपहार पत्र श्री गिरीश बत्रा, श्री मनीष बत्रा एवं श्री मुकेश बत्रा पुत्रगण श्री गुरूमुखदास बत्रा के पक्ष में निष्पादित की गई जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 911 में पृष्ठ संख्या 181 क्रम संख्या 202403002106646 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3645 के पृष्ठ संख्या 19 से 28 पर दिनांक 20.06.2024 को चस्पा किया गया। अब श्री गिरीश बत्रा, श्री मनीष बत्रा एवं श्री मुकेश बत्रा ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री गिरीश बत्रा, श्री मनीष बत्रा एवं श्री मुकेश बत्रा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

**कार्यालय पंचायत समिति हुरड़ा, जिला-भीलवाड़ा**

क्रमांक- 1423 — दिनांक

**निविदा सूचना 2024-25 (08)**

पंचायत समिति हुरड़ा की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यो की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी सभी शर्ते कार्यालय समय में पंचायत समिति हुरड़ा में देखी जा सकती है।

UBN No. ZBL2425WSR02062 To ZBL2425WSR02063 ZBL2425WSR02064, ZBL2425WSR02065

NIB No. ZBL2425A0865, ZBL2425A0866, ZBL2425A0867

विकास अधिकारी पंचायत समिति हुरड़ा

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत, पंचायत समिति अराई अजमेर**

क्रमांक: ग्रा.प.भो/निर्माण/2024-25/48 — दिनांक: 19/12/2024

**सीमित निविदा सूचना**

पंचायत समिति अंराई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत भोगादीत में कार्य का नाम 1. भोगादीत से पुराने सिरोंज रास्ते पर छित्तर दरोगा के मकान की और नाला निर्माण कार्य हेतु सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

NIB NO:- 1-ZAJ2425A09762
ZAJ2425WSLB01030

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भोगादीत — सरपंच, ग्राम पंचायत भोगादीत

**कार्यालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश, अजमेर (राजस्थान)**

E-mail Address: dc-ajm-rj@nic.in Tel. No- 0145-2627556

**Notice Inviting Bid**

Bids for NEW PRINTERS For Office of District & Sessions Judge, Ajmer are invited from interested bidders upto 24-12-2024 Time 10:00 A.M. to 08-01-2025 Time 12:00 P.M Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state; and https://districts.ecourts.gov.in/ajmer Departmental website.

NIB No. DDA2425A0007

अध्यक्ष
(क्रय समिति) न्यायाधीश,
मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण अजमेर

राजस्थान सरकार

**कार्यालय-खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेड़तासिटी (नागौर)**

E mail: bcmo.merta@yahoo.com PH: 01590-231488

क्रमांकः लेखा/चिकि/2024/487 — दिनांकः 23/12/2024

**निविदा विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार मे स्थित विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के लिए निम्न कार्यो/सेवाओं/सामग्री आपूर्ति हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.स. | कार्य/सेवा का नाम | अनुमानित राशि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | निविदा विक्रय तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साफ सफाई व्यवस्था | 25 लाख | 500 रू | 50,000 रू | 26.12.2024 से 04.01.2025 तक |
| 2 | किराये पर वाहन | 6 लाख | 500 रू | 12,000 रू | 26.12.2024 से 04.01.2025 तक |
| 3 | अग्नि शमन यंत्र | 5 लाख | 500 रू | 10,000 रू | 26.12.2024 से 04.01.2025 तक |
| 4 | परीक्षण मेज | 5 लाख | 500 रू | 10,000 रू | 26.12.2024 से 04.01.2025 तक |
| 5 | वाटर डिस्पेन्सर | 5 लाख | 500 रू | 10,000 रू | 26.12.2024 से 04.01.2025 तक |
| 6 | फर्नीचर | 10 लाख | 500 रू | 20,000 रू | 26.12.2024 से 04.01.2025 तक |

नोट- 1. क्रम संख्या 1 की दरें ऑनलाईन एवं शेष की दरें ऑफ लाईन प्रस्तुत करनी होगी।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 07.01.2025 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय मे जमा किये जायेगें एवं उसी दिन सांय 4 बजे खोली जायेगी।

NIB CODE - MHS24235A3039

(डॉ0 रविन्द्र कुमार तँवर)
खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मेड़तासिटी (नागौर)

